Number of Pages in Booklet : **28**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक
350037

# History

## Subject Code/विषय कोड : 35

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

**Instructions**

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

**निर्देश**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

## Space for Rough Work

## कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. When was East India Company established ?

(a) 1600

(b) 1602

(c) 1610

(d) 1660

2. When was SBI nationalised ?

(a) 1st Jan., 1949

(b) 26th Jan., 1950

(c) 1st April, 1960

(d) 1st July, 1955

3. Establish relationship —

Newspaper : Press : : Cloth :

(a) Tailor

(b) Textile

(c) Fibre

(d) Mill

1. ईस्ट इण्डिया कंपनी की स्थापना कब हुई थी ?

(अ) 1600

(ब) 1602

(स) 1610

(द) 1660

2. भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण कब हुआ था ?

(अ) 1 जनवरी, 1949

(ब) 26 जनवरी, 1950

(स) 1 अप्रैल, 1960

(द) 1 जुलाई, 1955

3. संबंध स्थापित कीजिये –

अखबार : प्रेस : : कपड़ा :

(अ) दर्जी

(ब) वस्त्र

(स) फाइबर

(द) मिल

4. Vigilant : Alert : Viable :

(a) Active

(b) Gentle

(c) Feasible

(d) Useful

5. Find the odd-man out :

(a) Curd

(b) Oil

(c) Cheese

(d) Cream

6. Which number would replace question mark (?) in the series 7, 12, 19, ?, 39.

(a) 29

(b) 28

(c) 26

(d) 24

4. जागरूक : सतर्क :: योग्य :

(अ) सक्रिय

(ब) नाजुक

(स) उचित

(द) उपयोगी

5. विषम को बताइये :

(अ) दही

(ब) तेल

(स) चीज

(द) क्रीम

6. कौनसा अंक प्रश्नसूचक चिह्न ( ? ) की जगह लेगा :

7, 12, 19, ?, 39

(अ) 29

(ब) 28

(स) 26

(द) 24

7. If in a certain language FASHION is coded as FOIHSAN, how is PROBLEM coded ?

(a) ROBLEMP

(b) PELBORM

(c) PRBOELM

(d) RPBOELM

8. A woman introduces a man as the son of the brother of her mother. How is the man related to the woman ?

(a) Nephew

(b) Son

(c) Cousin

(d) Uncle

9. "Wings of Fire" is an autobiography of :

(a) J.C. Bose

(b) H.J. Bhabha

(c) Meghnad Saha

(d) APJ Abdul Kalam

7. यदि एक भाषा में FASHION (फैशन) शब्द FOIHSAN के रूप में कोडित हो, तो PROBLEM शब्द का कोड क्या होगा ?

(अ) ROBLEMP

(ब) PELBORM

(स) PRBOELM

(द) RPBOELM

8. एक महिला एक आदमी को अपनी माँ के भाई के बेटे के रूप में परिचय करवाती है । उस व्यक्ति का उस महिला से क्या संबंध है ?

(अ) भतीजा

(ब) बेटा

(स) कजिन

(द) चाचा

9. "विंग्स ऑफ फायर" किसकी आत्मकथा है ?

(अ) जे.सी. बोस

(ब) एच.जे. भाभा

(स) मेघनाद साहा

(द) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

10. "ATM" stands for :

(a) Automatic Teller Machine

(b) Autocratic Teller Machine

(c) Autostart Teller Machine

(d) Automated Teller Machine

11. Buddha delivered the largest number of discourses at :

(a) Rajgraha

(b) Sravasti

(c) Sarnath

(d) Kausambi

12. Which one of the following virtues was added by Mahavira to fourfold path preached by the 23rd Tirthankara Parsvanth ?

(a) Brahmacharya

(b) Asteya

(c) Satya

(d) Ahimsa

10. 'एटीएम' का अर्थ है :

(अ) ऑटोमेटिक टेलर मशीन

(ब) ऑटोक्रेटिक टेलर मशीन

(स) आटोस्टार्ट टेलर मशीन

(द) ऑटोमेटेड टेलर मशीन

11. बुद्ध के द्वारा सबसे अधिक संख्या में प्रवचन दिये गये थे :

(अ) राजगृह में

(ब) श्रावस्ती में

(स) सारनाथ में

(द) कौशाम्बी में

12. निम्नलिखित में से कौनसा एक सद्गुण तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा उपदेशित चातुर्याम धर्म में महावीर स्वामी द्वारा जोड़ा गया था ?

(अ) ब्रह्मचर्य

(ब) अस्तेय

(स) सत्य

(द) अहिंसा

13. The head of the traders in the Gupta period was called :

(a) Samaharta

(b) Shresthi

(c) Kulika

(d) Sarthvaha

14. Which one of the following is *not* correctly matched ?

(a) Ajanta : Cave paintings

(b) Elephanta : Brahmanical sculptures

(c) Ellora : Rudramal temple

(d) Khajuraho : Temples built by the Chandela rulers

15. Which one of the following Rajput dynasties did *not* claim their mythical origin from 'Agnikula' ?

(a) Pratihara

(b) Chandela

(c) Chalukya

(d) Chauhan

13. गुप्तकाल में व्यापारियों का प्रमुख कहलाता था :

(अ) समाहर्ता

(ब) श्रेष्ठी

(स) कुलिक

(द) सार्थवाह

14. निम्न में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(अ) अजन्ता : गुफा चित्र

(ब) एलीफेन्टा : ब्राह्मण मूर्तिकला

(स) एलोरा : रुद्रमल मन्दिर

(द) खजुराहो : चन्देल राजाओं द्वारा निर्मित मन्दिर

15. निम्न में से किस एक राजपूत राजवंश ने अपनी उत्पत्ति मिथकीय 'अग्निकुल' से **नहीं** जोड़ी है ?

(अ) प्रतिहार

(ब) चन्देल

(स) चालुक्य

(द) चौहान

16. Which one of the following rulers was known as Amitraghata, 'the destroyer of the foes' ?

(a) Samudragupta

(b) Kanishka

(c) Bindusara

(d) Chandragupta Maurya

17. Who among the following rulers was *not* associated with the Sudarshana Lake ?

(a) Ashoka

(b) Bimbisara

(c) Rudradaman

(d) Chandragupta Maurya

16. निम्नलिखित में से कौनसा एक शासक अमित्रघात-'शत्रुओं का नाश करने वाला' के नाम से जाना जाता था ?

(अ) समुद्रगुप्त

(ब) कनिष्क

(स) बिन्दुसार

(द) चन्द्रगुप्त मौर्य

17. निम्न में से कौनसे शासक का सुदर्शन झील से सम्बन्ध **नहीं** था ?

(अ) अशोक

(ब) बिम्बिसार

(स) रुद्रदामन

(द) चन्द्रगुप्त मौर्य

18. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Fourteen Major Rock Edicts : Various Principles of Dhamma

(b) Bhabru Inscription : New Administration by Ashoka

(c) Barabar Cave Inscription : Ashoka's Tolerance

(d) Seven pillar Rock Inscriptions : Appendix to Rock Edicts

19. The Jain Text which contains the Biographies of the Tirthankaras is known as :

(a) Kalpasutra

(b) Bhagavati Sutra

(c) Uvasagadasao

(d) Adi Purana

18. निम्न में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(अ) चौदह प्रमुख शिलालेख : धम्म के विभिन्न सिद्धांत

(ब) भब्रू शिलालेख : अशोक का नवीन प्रशासन

(स) बाराबर गुफा अभिलेख : अशोक की सहिष्णुता

(द) सात स्तम्भ शिलालेख : शिलालेखों के परिशिष्ट

19. जिस जैन ग्रंथ में तीर्थंकरों के जीवन-चरित मिलते हैं, उसका नाम है :

(अ) कल्पसूत्र

(ब) भगवती सूत्र

(स) उवासगदसाओ

(द) आदि पुराण

20. A highly advanced water management system of Harappan times has been unearthed at :

(a) Dholavira

(b) Lothal

(c) Kalibangan

(d) Alamgirpur

21. Which one of the following pairs is *correctly* matched ?

(a) Sanchi Stupa : Menander

(b) Pagoda at Purushapura : Kanishka

(c) Hathigumpha Inscription : Asoka

(d) Shinkot Inscription : Kharavela

22. Who among the following was the expounder of the Pashupata system ?

(a) Kapilesvara

(b) Kusika

(c) Lakulisa

(d) Parasara

20. हड़प्पा काल की एक अत्यंत उन्नत जल-प्रबन्धन व्यवस्था निम्न में से किस स्थान की खुदाई से प्राप्त हुई है ?

(अ) धौलावीरा

(ब) लोथल

(स) कालीबंगा

(द) आलमगीरपुर

21. निम्न में से कौनसा एक युग्म **सही** सुमेलित है ?

(अ) सांची स्तूप : मिनाण्डर

(ब) पुरुषपुर का पगोडा : कनिष्क

(स) हाथीगुम्फा अभिलेख : अशोक

(द) शिनकोट अभिलेख : खारवेल

22. निम्न में से कौन पाशुपत मत का व्याख्याता था ?

(अ) कपिलेश्वर

(ब) कुषिक

(स) लकुलीश

(द) पाराशर

23. During the Gupta age, India had maximum trade contact with :

(a) South-East Asia

(b) Central Asia

(c) China

(d) Roman Empire

24. Which one of the following Gupta rulers was related to the Lichchhavis on his mother's side ?

(a) Chandragupta-I

(b) Samudragupta

(c) Srigupta

(d) Chandragupta-II

25. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Hasan Nizami : Tazul Maasir

(b) Amir Khusrau : Mifta-ul-Futuh

(c) Ziauddin Barani : Tarikh-i Firozshahi

(d) Minhaj-us-Siraj : Tabqat-i-Akbari

23. गुप्त काल में भारत का सबसे अधिक व्यापार सम्पर्क था :

(अ) दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ

(ब) मध्य एशिया के साथ

(स) चीन के साथ

(द) रोमन साम्राज्य के साथ

24. निम्न में से कौनसा एक गुप्त शासक अपनी माता की ओर से लिच्छवियों से सम्बन्धित था ?

(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम

(ब) समुद्रगुप्त

(स) श्रीगुप्त

(द) चन्द्रगुप्त द्वितीय

25. निम्न में से कौनसा एक युगम सही सुमेलित नहीं है ?

(अ) हसन निजामी : ताजुल मआसिर

(ब) अमीर खुसरो : मिफ्ता-उल-फुतूह

(स) जियाउद्दीन बरनी : तारीख-ए-फीरोजशाही

(द) मिन्हाज-उस-सिराज : तबकात-ए-अकबरी

26. Who among the following Delhi Sultans built Jamaitkhana Mosque at Delhi ?

(a) Firoz Tughlaq

(b) Alauddin Khalji

(c) Iltutmish

(d) Sikandar Lodi

27. In the Sultanate period the term 'Fawazil' denoted :

(a) A headman of a Pargana

(b) The crown land

(c) A military rank

(d) The surplus revenue remitted to the state

28. Who was the founder of Agra City ?

(a) Sikandar Lodi

(b) Firoz Tughlaq

(c) Alauddin Khalji

(d) Ghiyasuddin Tughlaq

26. निम्न में से किस दिल्ली सुल्तान द्वारा दिल्ली में स्थित जमैयतखाना मस्जिद का निर्माण करवाया गया था ?

(अ) फीरोज तुगलक

(ब) अलाउद्दीन खलजी

(स) इल्तुतमिश

(द) सिकन्दर लोदी

27. सल्तनत काल में 'फवाजिल' का अभिप्राय था :

(अ) एक परगना का मुखिया

(ब) खालसा भूमि (राज्य की भूमि)

(स) एक सैनिक ओहदा

(द) राज्य को प्रेषित अधिशेष राजस्व

28. आगरा शहर को किसके द्वारा बसाया गया था ?

(अ) सिकन्दर लोदी

(ब) फिरोज तुगलक

(स) अलाउद्दीन खलजी

(द) गयासुद्दीन तुगलक

29. Who among the following Sufi Saints was known as 'Sultan-ut-Tarikin' ?

(a) Sheikh Hamiduddin Nagauri

(b) Sheikh Qutubuddin Bakhtiyar Kaki

(c) Sheikh Nasiruddin Chirag Dehalvi

(d) Sheikh Muinuddin Chishti

30. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Ramanuj : Vishishtadvait

(b) Nimbark : Dvaitadvait

(c) Madhvacharya : Advait

(d) Vallabhacharya : Shuddhadvait

31. Over which of the following territory the Bahmani Kingdom and Vijayanagar empire frequently clashed ?

(a) Warangal

(b) Madurai

(c) The Raichur Doab

(d) Malabar

29. निम्न में से कौनसा सूफी सन्त 'सुल्तान-उत-तारिकीन' के नाम से जाना जाता था ?

(अ) शेख हमीदुद्दीन नागौरी

(ब) शेख कुतबुद्दीन बख्तियार काकी

(स) शेख नासिरुद्दीन चिराग देहलवी

(द) शेख मुईनुद्दीन चिश्ती

30. निम्न में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(अ) रामानुज : विशिष्टाद्वैत

(ब) निम्बार्क : द्वैताद्वैत

(स) माध्वाचार्य : अद्वैत

(द) वल्लभाचार्य : शुद्धाद्वैत

31. निम्न में से किस भूभाग को लेकर बहमनी राज्य और विजयनगर साम्राज्य राज्य के बीच लगातार झगड़ा होता रहा ?

(अ) वारंगल

(ब) मदुराई

(स) रायचूर दोआब

(द) मालाबार

32. Who was the author of Nuskha-i-Dilkush ?

(a) Nizamuddin Ahmad

(b) Sujan Rai Bhandari

(c) Ishwardas Nagar

(d) Bhimsen Burhanpuri

33. Which one of the following officers was *not* a part of the Pargana administration in the Mughal period ?

(a) Shiqdar

(b) Fotedar

(c) Karkun

(d) Amil

34. Which one of the following contemporary Persian sources provides statistical data immensely valuable for the study of economy of the Mughal empire ?

(a) Ain-i-Akbari

(b) Tabqat-i-Akbari

(c) Badshahnama

(d) Muntakhab-ut-Tawarikh

32. निम्न में से कौन नुस्खा-ए-दिलकुश का लेखक था ?

(अ) निजामुद्दीन अहमद

(ब) सुजानराय भण्डारी

(स) ईश्वरदास नागर

(द) भीमसेन बुरहानपुरी

33. निम्न में से कौनसा एक अधिकारी मुगलकाल में परगना प्रशासन का अंग नहीं था ?

(अ) शिकदार

(ब) फोतेदार

(स) कारकून

(द) आमील

34. मुगल साम्राज्य की अर्थव्यवस्था के अध्ययन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सांख्यिकीय आँकड़े देने वाला समसामयिक फारसी स्रोत निम्न में से कौनसा है ?

(अ) आइन-ए-अकबरी

(ब) तबकात-ए-अकबरी

(स) बादशाहनामा

(द) मुन्तखब-उत-तवारीख

35. Who among the following painters was given the title of 'Shiri Kalam' by Akbar ?

(a) Abul Hasan

(b) Abdussamad

(c) Daswant

(d) Basawan

36. Which one of the following looked after the religious and charity department under the Mughals ?

(a) Mir-i-Saman

(b) Mirbakhshi

(c) Qazi-ul-Quzat

(d) Sadr-us-Sudur

35. निम्न में से किस चित्रकार को अकबर द्वारा 'शीरी कलम' की उपाधि दी गयी थी ?

(अ) अबुल हसन

(ब) अब्दुस्समद

(स) दसवन्त

(द) बसावन

36. मुगलकाल में निम्न में से कौन धर्म एवं दान विभाग को देखता था ?

(अ) मीर-ए-सामा

(ब) मीरबख्शी

(स) काजी-उल-कुजात

(द) सद्र-उस-सुदूर

37. Who among the following Mughal Emperors introduced the new rule of $\frac{1}{3}$ and $\frac{1}{4}$ in the Mansbdari System ?

(a) Aurangzeb

(b) Shah Jahan

(c) Jahangir

(d) Akbar

38. 'Turkan-i-Chihalghani' was organised by which of the following Delhi Sultans ?

(a) Qutbuddin Aibak

(b) Muhammad-bin-Tughlaq

(c) Iltutmish

(d) Bahalol Lodi

39. Which one of the following was *not* a member of Ashta-Pradhan ?

(a) Amatya

(b) Deshmukh

(c) Mantri

(d) Sachiv

37. निम्न में से किस मुगल सम्राट द्वारा मनसबदारी प्रथा में $\frac{1}{3}$ एवं $\frac{1}{4}$ का नया नियम लागू किया गया था ?

(अ) औरंगजेब

(ब) शाहजहाँ

(स) जहाँगीर

(द) अकबर

38. निम्न में से किस दिल्ली सुल्तान द्वारा 'तुर्कान-ए-चिहलगानी' का गठन किया गया था ?

(अ) कुतबुद्दीन ऐबक

(ब) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(स) इल्तुतमिश

(द) बहलोल लोदी

39. निम्न में से कौनसा एक अष्ट-प्रधान का सदस्य **नहीं** था ?

(अ) अमात्य

(ब) देशमुख

(स) मन्त्री

(द) सचिव

40. Quila-i-Kuhna mosque was built by :

(a) Sher Shah

(b) Akbar

(c) Shah Jahan

(d) Babur

41. Who among the following made the design of Peacock Throne (Mayur-i-Singhasan) ?

(a) Mirak Mirza Gayas

(b) Hamid Ahmad

(c) Bebadal Khan

(d) Ustad Isa Khan

42. Who among the following Sufi Saints was associated with Firdausi Silsila ?

(a) Jalaluddin Surkh Bukhari

(b) Sheikh Husaini Gesudaraj

(c) Jalaluddin Tabrizi

(d) Sarfuddin Yahiya Maneri

40. किला-ए-कुहना मस्जिद का निर्माण करवाया गया था :

(अ) शेरशाह द्वारा

(ब) अकबर द्वारा

(स) शाहजहाँ द्वारा

(द) बाबर द्वारा

41. निम्न में से किस शिल्पकार द्वारा मयूर-ए-सिंहासन का डिजाइन तैयार किया गया था ?

(अ) मीरक मिर्जा गयास

(ब) हमीद अहमद

(स) बेबादल खाँ

(द) उस्ताद ईसा खाँ

42. निम्न में से किस सूफी सन्त का सम्बन्ध फिरदौसी सिलसिले से था ?

(अ) जलालुद्दीन सुर्ख बुखारी

(ब) शेख हुसैनी गेसूदराज

(स) जलालुद्दीन तबरोजी

(द) सर्फुद्दीन याहिया मनेरी

43. Who among the following was *not* a member of Ashta-Chhap ?

(a) Gopaldas

(b) Chheet Swami

(c) Kumbhan Das

(d) Krishna Das

44. Who among the following Bahamani Sultans transferred his capital from Gulbarga to Bidar ?

(a) Muhammad Shah II

(b) Shihabuddin Ahmad Shah I

(c) Tajuddin Firoz Shah

(d) Muhammad Shah III

45. The cavalry of Shivaji was known as :

(a) Risala

(b) Payak

(c) Bargir

(d) Ahadi

43. निम्न में से कौन अष्टछाप का सदस्य **नहीं** था ?

(अ) गोपालदास

(ब) छीत स्वामी

(स) कुम्भनदास

(द) कृष्णदास

44. निम्न में से किस बहमनी सुल्तान द्वारा अपनी राजधानी गुलबर्गा से बीदर हस्तांतरित की गयी थी ?

(अ) मुहम्मद शाह द्वितीय

(ब) शिहाबुद्दीन अहमद शाह प्रथम

(स) ताजुद्दीन फिरोजशाह

(द) मुहम्मद शाह तृतीय

45. शिवाजी की घुड़सवार सेना को कहा जाता था :

(अ) रिसाला

(ब) पायक

(स) बारगीर

(द) अहदी

46. What was the main cause of conflict between Mir Qasim and the East India Company ?

(a) Abuse of Dastak by the English

(b) Mir Jafar's Conspiracy with the East India Company

(c) Mir Qasim's Conspiracy with the French

(d) Mir Qasim's alliance with the Mughal emperor and the Nawab of Awadh

47. Under the Permanent Settlement, the Zamindar's share in the collected land-revenue was :

(a) $\frac{1}{6}$

(b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{4}$

(d) $\frac{1}{11}$

46. मीर कासिम और ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच झगड़े का मुख्य कारण क्या था ?

(अ) अंग्रेजों द्वारा दस्तक का दुरुपयोग

(ब) मीर जाफर का ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ षड्यन्त्र

(स) मीर कासिम का फ्रांसीसियों के साथ षड्यंत्र

(द) मीर कासिम का मुगल सम्राट और अवध के नवाब के साथ गठजोड़

47. स्थायी बन्दोबस्त के अन्तर्गत वसूल किये गये भू-राजस्व में जमींदारों का अंश था ?

(अ) $\frac{1}{6}$

(ब) $\frac{1}{3}$

(स) $\frac{1}{4}$

(द) $\frac{1}{11}$

48. Which one of the following sets of powers constituted the anti-British front in the second Anglo-Mysore War ?

(a) Nizam, Mysore and Marwar

(b) Nizam, the Rohilas and the Marathas

(c) The Marathas, Mysore and Nizam

(d) The Marathas, Mysore and Berar

49. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Talukadari Settlement : Bombay

(b) Ryotwari Settlement : Madras

(c) Mahalwari Settlement : North-Western Province

(d) Permanent Settlement : Bengal

48. द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध में निम्नलिखित शक्ति गुटों में से कौनसा एक ब्रिटिश-विरोधी मोर्चा था ?

(अ) निजाम, मैसूर और मारवाड़

(ब) निजाम, रोहिल्ले और मराठे

(स) मराठे, मैसूर तथा निजाम

(द) मराठे, मैसूर तथा बरार

49. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(अ) तालुकादारी बन्दोबस्त : बम्बई

(ब) रैयतवाड़ी बन्दोबस्त : मद्रास

(स) महालवाड़ी बन्दोबस्त : उत्तर-पश्चिमी प्रान्त

(द) स्थायी बन्दोबस्त : बंगाल

50. Lord Macaulay was associated with :

(a) Abolition of Sati

(b) Codification of Laws

(c) Permanent Settlement

(d) Reforms in the army

51. 'The Asiatic Society of Bengal' was founded by :

(a) W.W. Hunter

(b) Raja Ram Mohan Roy

(c) William Bentinck

(d) Sir William Jones

52. Which of the following was *not* one of the Sikh misls ?

(a) Phulkiyan

(b) Aliwal

(c) Ahaluwalia

(d) Dallewalia

50. लॉर्ड मैकाले सम्बद्ध था :

(अ) सती प्रथा की समाप्ति से

(ब) कानूनों के संहिताकरण से

(स) स्थायी बन्दोबस्त से

(द) सेना में सुधार से

51. 'एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना की गयी थी :

(अ) डबल्यू.डबल्यू. हण्टर द्वारा

(ब) राजा राममोहन राय द्वारा

(स) विलियम बेंटिंक द्वारा

(द) सर विलियम जॉन्स द्वारा

52. निम्न में से कौनसी एक सिक्ख मिस्ल **नहीं** थी ?

(अ) फुलकियां

(ब) अलीवाल

(स) अहलूवालिया

(द) दल्लेवालिया

53. The Strachey Commission was connected with :

(a) Famine

(b) Education

(c) Local Self-Government System

(d) Military

54. Who among the following was the founder of the Khudai Khidmatgar Organisation ?

(a) Abdul Rab Nashtar

(b) Maulana Shaukat Ali

(c) Khan Abdul Gaffar Khan

(d) Qazi Ahamadulla

55. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Faizpur Session, 1937 : Radical Agrarian Programme

(b) Karachi Session, 1931 : Change in the constitution of the Congress

(c) Ramgarh Session, 1940 : National Unity

(d) Lahore Session, 1929 : Purna Swaraj

53. स्ट्रेचे आयोग सम्बन्धित था :

(अ) अकाल से

(ब) शिक्षा से

(स) स्थानीय स्वशासन प्रणाली से

(द) सेना से

54. निम्नलिखित में से कौन खुदाई खिदमतगार संगठन का संस्थापक था ?

(अ) अब्दुल रब नश्तर

(ब) मौलाना शौकत अली

(स) खान अब्दुल गफ्फार खाँ

(द) काजी अहमदुल्ला

55. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(अ) फैजपुर सेशन, 1937 : मूलभूत कृषि-भूमि कार्यक्रम

(ब) कराची सेशन, 1931 : कांग्रेस के संविधान में परिवर्तन

(स) रामगढ़ सेशन, 1940 : राष्ट्रीय एकता

(द) लाहौर सेशन, 1929 : पूर्ण स्वराज

56. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Mirat-ul-Akhbar : Maulana Mohammad Ali

(b) Young India : Mahatma Gandhi

(c) Common Weal : Mrs. Annie Besant

(d) Samachar Darpan : Marshman

57. Who among the following was *not* associated with the Kakori Case ?

(a) Roshan Lal

(b) Chandra Shekhar Azad

(c) Surya Sen

(d) Ashfaqullah

58. The Viceroy who put forward the proposals of August Offer in 1940 was :

(a) Wellington

(b) Henry Lawrence

(c) Lord Wavell

(d) Lord Linlithgow

56. निम्नलिखित में से कौनसा एक सही सुमेलित **नहीं** है ?

(अ) मिरात-उल-अखबार : मौलाना मोहम्मद अली

(ब) यंग इण्डिया : महात्मा गांधी

(स) कॉमन वील : श्रीमती एनी बीसेन्ट

(द) समाचार दर्पण : मार्शमेन

57. निम्नलिखित में से कौन काकोरी कांड से सम्बन्धित **नहीं** था ?

(अ) रोशनलाल

(ब) चन्द्रशेखर आजाद

(स) सूर्यसेन

(द) अशफाकउल्ला

58. 1940 में अगस्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाला वायसराय था ?

(अ) वेलिंगटन

(ब) हेनरी लॉरेन्स

(स) लॉर्ड वेवेल

(द) लॉर्ड लिनलिथगो

59. The British Prime Minister Lord C.R. Attlee announced in the House of Commons the "definite intention" of British Government to affect the transfer of power to responsible Indian hands by a date not later than :

(a) June, 1948

(b) June, 1947

(c) August, 1947

(d) January, 1948

60. By which one of the following Charter Acts the monopoly of the East India Company to trade with China was abolished ?

(a) Charter Act of 1833

(b) Charter Act of 1813

(c) Charter Act of 1853

(d) Charter Act of 1793

61. By which one of the following Acts the Board of Control was constituted ?

(a) Regulating Act of 1773

(b) India Council Act of 1863

(c) Pitt's India Act of 1784

(d) Charter Act of 1793

59. ब्रिटेन के प्रधान मंत्री लॉर्ड सी.आर. एटली ने हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रिटिश सरकार के इस ''निश्चित मन्तव्य'' की घोषणा की थी कि उत्तरदायी भरतीय हाथों में सत्ता का हस्तान्तरण निम्नलिखित में से कौनसी तिथि तक सुनिश्चित रूप से कर दिया जायेगा ?

(अ) जून, 1948

(ब) जून, 1947

(स) अगस्त, 1947

(द) जनवरी, 1948

60. निम्नलिखित में से किस एक चार्टर एक्ट द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी का चीन के साथ व्यापार करने का एकाधिकार समाप्त किया गया था ?

(अ) 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा

(ब) 1813 के चार्टर एक्ट द्वारा

(स) 1853 के चार्टर एक्ट द्वारा

(द) 1793 के चार्टर एक्ट द्वारा

61. निम्नलिखित में से किस एक्ट द्वारा बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल का गठन किया गया था ?

(अ) 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट द्वारा

(ब) 1863 के भारत परिषद् एक्ट द्वारा

(स) 1784 के पिट्स इण्डिया एक्ट द्वारा

(द) 1793 के चार्टर एक्ट द्वारा

62. Who among the following said, "Forget not that the lower classes, the ignorant, the poor, the illiterate, the cobbler, the sweeper are thy flesh and blood, thy brothers" ?

(a) Swami Vivekananda

(b) Mahatma Gandhi

(c) Jyotiba Phule

(d) B.R. Ambedkar

63. Who was the author of Bisaldeo Raso ?

(a) Suryamalla Mishran

(b) Narpati Nalha

(c) Padmanabh

(d) Gridhar Asiya

64. With which school of Rajasthani Painting Usta painters were connected ?

(a) Kishangarh School

(b) Bundi School

(c) Bikaner School

(d) Mewar School

62. निम्न में से किसने कहा था, ''मेरे बन्धुओ, यह मत भूलो कि निचले वर्ग के लोग, गरीब, अशिक्षित, मोची, सफाई करने वाले तुम्हारा ही हाड़-मांस और बान्धव हैं'' ?

(अ) स्वामी विवेकानन्द

(ब) महात्मा गांधी

(स) ज्योतिबा फुले

(द) बी.आर. अम्बेडकर

63. बीसलदेव रासो का लेखक कौन था ?

(अ) सूर्यमल्ल मिश्रण

(ब) नरपति नाल्ह

(स) पद्मनाभ

(द) गिरधर आसिया

64. उस्ता चित्रकार राजस्थानी चित्रकला की किस शैली के साथ सम्बद्ध थे ?

(अ) किशनगढ़ शैली

(ब) बूँदी शैली

(स) बीकानेर शैली

(द) मेवाड़ शैली

65. "I have brought peace with honour."

Who said this ?

(a) Robert Peel

(b) Salisbury

(c) Chamberlain

(d) Disraeli

66. What is the name of the famous book of Rousseau ?

(a) Social Contract

(b) The Spirit of Laws

(c) Das Capital

(d) Napoleon Code

67. Who was the Czar of Russia during the 1917 Revolution ?

(a) Alexander II

(b) Alexander III

(c) Nicholas I

(d) Nicholas II

65. ''मैं सम्मानसहित शान्ति लाया हूँ ।'' यह कथन किसका है ?

(अ) रॉबर्ट पील

(ब) सैलिसबरी

(स) चेम्बरलेन

(द) डिज़रैली

66. रूसो की प्रसिद्ध पुस्तक का नाम क्या है ?

(अ) सोशल कॉन्ट्रेक्ट

(ब) दी स्पिरिट ऑफ लॉज

(स) दास कैपिटल

(द) नेपोलियन कोड

67. 1917 की रूस की क्रान्ति के समय रूस का जार कौन था ?

(अ) अलेक्जेण्डर द्वितीय

(ब) अलेक्जेण्डर तृतीय

(स) निकोलस प्रथम

(द) निकोलस द्वितीय

68. Who among the following was the author of the book "The Praise of Folly" ?

(a) Erasmus

(b) Dante

(c) Shakespeare

(d) Machiavelli

69. "The Treaty of Versailles was not a treaty but a ceasefire for twenty years." Who said this ?

(a) Marshal Fouch

(b) Lloyd George

(c) Woodrow Wilson

(d) Hitler

70. Who among the following was the founder of 'Young Italy' ?

(a) Garibaldi

(b) Count Cavour

(c) Joseph Mazzini

(d) Victor Emmanuel II

68. निम्न में से कौन ''मूर्खता की प्रशंसा'' नामक पुस्तक का लेखक था ?

(अ) इरेस्मस

(ब) दाँते

(स) शेक्सपीयर

(द) मैकियावेली

69. ''वर्साय की सन्धि एक सन्धि नहीं वरन् बीस वर्ष का एक युद्ध विराम था ।'' यह कथन किसका है ?

(अ) मार्शल फोच

(ब) लॉयड जॉर्ज

(स) वुड्रो विल्सन

(द) हिटलर

70. निम्न में से कौन 'यंग इटली' का संस्थापक था ?

(अ) गैरीबाल्डी

(ब) काउन्ट कावूर

(स) जोसफ मेजिनी

(द) विक्टर इमेन्युअल द्वितीय

## Space for Rough Work
## कच्चे कार्य के लिए स्थान